## स्पीड न्यूज

### नौ पंचायतों में चला सरकार आपके द्वार

**गुमला।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत सहित सिसई प्रखंड के रेड़वा पंचायत, बसिया प्रखंड के कुम्हारी पंचायत, कामडारा प्रखंड के कुलकुरु पंचायत, चैनपुर के बरवेनगर पंचायत, घाघरा पंचायत, गुमला के खरका पंचायत, पालकोट के डहुपानी पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 09 में शिविर लगाया गया। जहां आसपास के क्षेत्र से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल में जाकर जानकारी प्राप्त की, आवेदन भरा एवं कई आवेदकों को ऑन द स्पॉट योजना से आच्छादित भी किया गया।

### गुमला की बेटी आरोही के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड



**गुमला।** अद्भुत प्रतिभा की धनी गुमला के सिसई रोड निवासी रूपेश खंडेलवाल और सीमा खंडेलवाल की 8 वर्षीय पुत्री आरोही खंडेलवाल ने एक और विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया है। आरोही नोट्रेडम स्कूल गुमला में तीसरी कक्षा की छात्रा है। हुला हुप स्पिन इन वन मिनट चैलेंज में आरोही ने 1 मिनट में कुल 206 मूव पूरे किए। इससे पहले 1 मिनट में 182 मूव का रिकॉर्ड था। इस उपलब्धि के लिए वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड के द्वारा आरोही को सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व 1 मिनट 58 सेकंड में हनुमान चालीसा का पाठ पूरा करने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स और एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स से सम्मानित कि जा चुकी है। आरोही अपनी पढ़ाई पूरी कर आईएएस अफसर बनने की दिली ख्वाहिश रखती है। परिजनों ने कहा कि आरोही लगातार मेहनत करती है और हम उसके हर सपने को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### डॉन बॉस्को में क्रिकेट पिच का उद्घाटन



**गुमला।** डॉन बॉस्को स्कूल गुमला में सोमवार को क्रिकेट नेट प्रेक्टिस पिच का उद्घाटन किया गया। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने पिच का फीता काटकर शुभारंभ किया। मनोज ने कहा कि गुमला की पहचान खेल नगरी के रूप में है। छोटा जिला होने के बावजूद यहां के खिलाड़ी विश्व पटल पर अपनी छाप बनाये हुए हैं। मौके पर फादर अगुस्टीन टोप्पो, फादर विरेंद्र तिर्की, ब्रदर राय कुरियन, विजय टोप्पो, अरविंद एक्का, जोन वाल्टर, सुधाकर कुमार, निपुन कुल्लू, सुमन, प्रतिमा, सरिता डुंगडुंग, सरिता खलखो, ओनिमा किडो, दिव्या, ग्रेस किडो आदि थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर बना संकुल चैंपियन



**लोहरदगा।** विद्या भारती झारखंड की योजना अनुसार आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद (एथेलेटिक्स) प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा संकुल चैंपियन बना। यह प्रतियोगिता स्थानीय मनोहर लाल अग्रवाल प्लस टू विद्यालय में आयोजित हुई। संकुल स्तरीय इस प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा ने 13 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक और5 कांस्य पदक प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को वंदना सभा में स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने भैया बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शुभकामना संदेश में विभाग प्रमुख ने कहा कि भैया बहन अपने सतत अभ्यास को जारी रखते हुए आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय एवं विद्या भारती का नाम रोशन करें।

### मनरेगा योजनाओं की जनसुनवाई आज



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी छ पंचायत के अलग अलग गांवों में सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा मनरेगा के तहत वित्तिय वर्ष 2021-22 एवं 22-23 में हुए मनरेगा द्वारा निर्माण कार्य की मजदूर, लाभुक व योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसके तहत विरसा हरित ग्राम, डोभा, तालाब, नाडेप, सिंचाई कूप सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर उसका भौतिक सत्यापन करते हुए प्रत्येक गांव में विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को सभी गांव में विषेस ग्राम सभा मे उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष सारी जानकारी को रखते हुए आज आयोजित पंचायत स्तरीय जन सुनवाई में भारी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गयी। अंकेक्षण दल में मन्सा महतो, चिरंजीवी कुमार, प्रभा देवी, सत्यवती देवी, भूपेंद्र कुमार, सुनीता भगत, इजराइल अंसारी सहित सदस्यों द्वारा कैरो, गुड़ी, नरौली, गजनी, हनहट व सढ़ाबे पंचायत के बिभिन्न गांव में मौजूद थे।

### सेविकाओं के साथ सीडीपीओ की बैठक



**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को सीडीपीओ नंदीरानी ने सेविकाओं के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान गर्भवती महिला, धातृ महिला, आंगनबाड़ी केंद्रों पर शून्य से पांच साल तक के अतिकुपोषित बच्चे, बीमार व्यक्ति व 80 साल से अधिक के वृद्धि व्यक्तियों की सूची को लेकर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में वर्गवार सेविका व सहायिका से संबंधित प्रतिवेदन, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता से संबंधित कागजात, मुख्यमंत्री कन्या कन्यादान योजना का सावित्रि बाई फूलो झानो, आधार सत्यापन, आंगनबाड़ी केंद्र का खुलना, लाभार्थियों को जोड़ना व अन्नप्राशन व गोद भराई सहित अन्य सामुदायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सीडीपीओ ने सेविका व बाल विकास परियोजना में कार्यरत सभी कर्मियों को अविलंब सभी लंबित कार्यों का निष्पादन करने को कहा।

# जनता के कल्याण को प्रतिबद्ध है राज्य सरकार : डॉ रामेश्वर

- किस्को प्रखंड के बगड़ू पंचायत और नप क्षेत्र के खादगढ़ा स्थित मैरेज हॉल में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम
- कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य के वित मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड के बगडू पंचायत और नगर परिषद क्षेत्र के खादगढ़ा स्थित मैरेज हॉल में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

बगडू पंचायत के जामुनटोली खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आप सभी ने सरकार चुनी तो सरकार आपको शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पोषाक, धोती/लुंगी-साड़ी, दवाइयां समेत अन्य सुविधाएं दे रही हैं। अस्पतालों में डॉक्टर हैं, दवाईयां उपलब्ध हैं। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत हरा राशन कार्ड उन गरीब लोगों के लिए बनवाया गया जिन्हें अब तक किसी प्रकार का राशन कार्ड नहीं मिला था। वे किसी प्रकार के खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित नहीं थे। हमारी सरकार बनने के बाद हमने राज्य में 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड योजना से जोड़ा जिससे काफी लाभ हुआ। अगले वर्ष और छूटे हुए लोगों को जोड़ेंगे। गरीबों के पास तन ढंकने के लिए कपड़े नहीं थे या कटे-फटे थे। सभी राशन कार्डधारियों को वर्ष में एक बार धोती या लुंगी व साड़ी का लाभ दिया गया। राशन कार्डधारियों को अब दाल भी दिया जाएगा। 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वर्ग के लोगों को राज्य सरकार पेंशन योजना का लाभ दे रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को गर्म कपड़े दिये जा रहे हैं।



लाभुक को प्रमाण पत्र देते वित मंत्री।

**तीन वर्ष में आठ लाख लोगों को देंगे अबुआ आवास :** मंत्री श्री उरांव ने कहा कि जिन गरीब लोगों के पास खपरैल मकान हैं उन्हें पक्के मकान बनाने के लिए राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के तहत दो लाख रुपए देगी। अगले तीन वर्षों में आठ लाख लोगों को इस योजना का लाभ राज्य सरकार देगी। गरीब किसानों को कुआं के लिए राज्य सरकार पैसे दे रही है।

**सभी गांवों में बनेगे अखाड़ा :** राज्य सरकार ने ग्रामीण परिवेश की संस्कृति को बचाये रखने के लिए सभी गांवों में अखाड़ा निर्माण का निर्णय लिया है। मांदर, नगड़ा, ढोल का भी वितरण होगा। लोहरदगा में 300 मांदर बांटा जा चुका है। पूरे राज्य में बांटा जाएगा।

**परिसंपत्तियों का किया गया वितरण :** मंत्री ने बगडू पंचायत में धोती-साड़ी योजना और वृद्धावस्था पेंशन योजना से सांकेतिक रूप से कुछ लोगों को लाभान्वित भी कराया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड आदि योजना से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना की ओर से बच्चों का अन्न प्राशन और गर्भवती माहिलाओं का गोद भराई का रस्म कराया गया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में 20 सूत्री सदस्य सुखैर भगत, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, किस्को के 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, जिप सदस्य संदीप कुमार, किस्को प्रमुख सुचित्रा भगत, उप प्रमुख गीता देवी, किस्को 20 सूत्री उपाध्यक्ष पुनिता देवी, मुखिया बगडू रानी, कुडू उप प्रमुख एनुल अंसारी, 20 सूत्री सदस्य किस्को जयमंत कुजूर, एसडीओ अमित कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, बीडीओ अरूण उरांव समेत ग्रामीण व अन्य उपस्थित थे।

### घाघरा प्रखंड के चुंदरी गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# लोगों को योजनाओं का लाभ देना कार्यक्रम का उद्देश्य : डीसी

- ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क और अधूरे स्वास्थ्य उपकेंद्र को बनवाने की रखी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, मुखिया विनीता कुमारी शामिल हुई। शिविर में पेंशन विभाग, मनरेगा, बिजली विभाग, पेयजल, शिक्षा विभाग, भारत गैस, अबुआ आवास, बाल विकास परियोजना, वन विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें ग्रामीणों द्वारा आवश्यकता अनुसार अपना आवेदन दिया। वहीं उपायुक्त ने ग्रामीणों से पंचायत में होने वाली समस्या से अवगत हुए। जिस पर ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था, सड़क और वर्षों से स्वास्थ्य उप केंद्र अधूरा रहने की बात कही। जल्द से जल्द उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र को पूरा करने की मांग भी की।



शिविर में ग्रामीण को कंबल प्रदान करते उपायुक्त।

**खास बातें :** इसके साथ ही कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी होने की बात छात्राओं व ग्रामीणों द्वारा भी कही गयी। सभी समस्याओं पर जल्द पहल की बात उपायुक्त ने कही। कई असहाय महिला पुरुषों के बीच कंबल धोती साड़ी का वितरण भी किया गया। शिविर में सावित्री बाई फुले योजना का लाभ दिया गया और बिरसा मिशन, जॉब कार्ड एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी विभागों के लगे स्टाल का निरीक्षण किया और संबंधित कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# भींगी आंखों से सीओ को दी गयी विदाई, बीडीओ ने लिया पदभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** सोमवार को कैरो अंचल अधिकारी कमलेश उरांव को विदाई समारोह आयोजन कर दिया गया। विदाई के अवसर पर अंचल व प्रखंड कर्मी सहित कई सामाजिक संगठन एवं गण्यमान लोगों ने विदाई स्वरूप उपहार देकर भीगीं आंखों से विदाई दिया। मौके पर कमलेश उरांव ने कहा कि कैरो अंचल ने काम करते समय अंचल परिवार, प्रखंड परिवार सहित पूरे अंचल क्षेत्र के राजनितिक, सामाजिक, प्रज्ञा केंद्र संचालक, समाजसेवी व गणमान्य लोगों का भरपूर सहयोग मिलता रहा और हर समय हर तरह के कार्यों में साथ मिला जीवन में कैरो को कभी नही भूल सकते।

सोमवार को ही बीडीओ पवन कुमार महतो ने नये अंचल अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करते हुए योगदान लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि कमलेश उरांव जी का अपने कार्यों को करने का जो तरीका रहा उससे पुरला क्षेत्र प्रभावित होकर गुणगान करेगा। साथ ही मुझे प्रखंड के साथ-साथ अब अंचल के कार्य करने का जो दायित्व मिल रहा है उसे पूरे ईमानदारी से करने का काम करूंगा ताकि अंचल क्षेत्र की ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी न हो।



सीओ को विदाई देते लोग।

बीडीओ ने कहा कि प्रखण्ड व अंचल में अपनी जरूरत के लिए आए लोगों को किसी तरहः की तकलीफ न हो इस बात का पूरा कोसिस किया जायेगा। मौके पर डॉ राकेश कुमार, समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी, लाल अविनाश नाथ सहदेव, बुद्धदेव उरांव, सनाउल्लाह असारी, अनूप कुमार, इंद्रदेव कच्छप समेत प्रखंड सह अंचलकर्मी, सामाजिक व राजनीतिक दल, समाजसेवी व ग्रामीण मौजूद थे।

# तरुण क्रिकेट क्लब बना जिला लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का चैंपियन

- गुमला जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला लीग क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ संपन्न,
- अपर समाहर्ता ने विजेता और उपविजेता टीम को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता हुई। फाइनल मुकाबले में तरुण क्रिकेट क्लब की टीम ने गुमला जाइंट्स की टीम को 58 रन से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तरुण क्रिकेट क्लब ने सभी विकेट खोकर 154 रन बनाये। जिसमें अतुल राज ने 55 और संजीव कुमार ने 40 रनों का योगदान दिया। वहीं सुनील उरांव ने 4 और सनी कुमार ने 3 विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने गुमला जाइंट्स की टीम 96 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सुभाष लकड़ा ने 37 और कृष्णा उरांव में 25 रनों का योगदान दिया। तरुण सीसी की ओर से आयुष राज ने 5 और राहुल कुमार ने 4 विकेट झटके। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता थे।

# भड़गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के समीप मैदान में तृतीय चरण का आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सोमवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य राधा तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, प्रशिक्षु उप समाहर्ता विजय रंजन तिर्की, बीडीओ अशोक चोपड़ा, सीओ राकेश तिवारी, मुखिया एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। वहीं आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, ई श्रम कार्ड, भू राजस्व व लगान, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणककरी योजनाओं के कई स्टॉल लगे थे। जिप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने का कई उद्देश्य है।

### कुआं में डूबने से हुई युवक की मौत

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के बरांदा निवासी सोमरा उरांव (40) की कुआं में डूबने से मौत हो गयी। भरनो पुलिस ने घटना की सूचना पर शव को अपने कब्जे में लेकर सोमवार को गुमला सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मृतक अपने खेत में काम कर रहा था। जिसके बाद वह पानी कुएं से भर रहा था। इसी दौरान गिरने से उसकी मौत हो गयी। घटना रविवार देर शाम की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### आज जिले के पांच स्थानों में लगेंगे शिविर

**गुमला।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को घाघरा प्रखंड के नावाडीह पंचायत, सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत, गुमला प्रखंड के घटगांव पंचायत, भरनो प्रखंड के करौंदाजोर पंचायत, रायडीह के नवागढ़ पंचायत में शिविर लगा कर विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल्स लगेंगे। जिला प्रशासन की अपील है कि शिविर में अधिक लोग जायें और उसका लाभ लें।

### भंडरा पुलिस ने भैंस चोर को पकड़ा, भेजा जेल



**भंडरा।** भंडरा थाने की पुलिस ने सोमवार को भौरों पंचायत के घासिया गांव में छापेमारी कर भैंस चोर को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की सोरंदा घासिया टोली निवासी बंधनु उरांव ने 11 मार्च 2023 को अपने भैस की चोरो को को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को भैस चोर सोरंदा निवासी प्राथमिकी अभियुक्त सोरंदा गांव निवासी साहदेव लोहरा के 19 वर्षीय पुत्र बाबूलाल लोहरा को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया।

### डीआरपी ने लिया भौतिक सत्यापन का जायजा



**कैरो।** सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा प्रत्येक पंचायत में मनरेगा योजनाओं की चल रही भौतिक सत्यापन का निरीक्षण को लेकर सोमवार को सामाजिक अंकेक्षण दल के डीआरपी वशिष्ट उरांव ने कैरो प्रखंड के विभिन्न पंचायत में कार्यरत अंकेक्षण दल से मुलाकात किया व आज होने वाली पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को जमा कर सही सलाह और उचित कार्यवाही को लेकर निर्देश दिया। मौके पर इजराइल असारी, सत्यवती देवी, उर्मिला देवी, जाकिर हुसैन इत्यादि मौजूद थे।

# अपनी आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करें विद्यार्थी : सुभाष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में सोमवार को माई जर्नी ऑफ लर्निंग इंडिया टू यूएसए विषय पर सेमिनार लगाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मेम्फिस विश्वविद्यालय (टेनेसी, अमेरिका) के फोगेलमैन कॉलेज में विपणन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुभाष झा ने शामिल हुए। यह कार्यक्रम वैश्विक शैक्षणिक परिदृश्य में अपना रास्ता बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए प्रेरणा और ज्ञान के स्त्रोत के रूप में सामने आया। सेमिनार की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ सुभाष झा, संस्था के निदेशक अभिजित कुमार, प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत शुक्ल ने किया।

### एसपी और एसडीओ ने किया शिविर में कैडेटों का मार्ग दर्शन

**गुमला।** 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक गुमला पॉलिटेक्निक में 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के तत्वावधान में एनुअल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में सोमवार को एसडीओ एवं पुलिस अधीक्षक गुमला हरविंदर सिंह का सान्निध्य प्राप्त हुआ। अतिथियों ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कई ज्ञानवर्धक बातें बताईं एवं उनका मार्गदर्शन किया। कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार में अतिथियों का स्वागत किया।

# घायल मिला नील गाय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- घायल नील गाय को देख ग्रामीणों ने किया घरेलू उपचार, वन विभाग को दी जानकारी

**कैरो।** आज जहां एक तरफ मानव मानव का दुश्मन बन गया है वहीं दूसरी तरफ आज भी मानव का उच्च विचार कहीं कहीं देखने को मिल जाता है। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो-महवरी जंगल से भटककर सुबह सुबह एक नील गाय को घायल अवस्था में महवरी तालाब के किनारे देखा गया, जिसके बाद समाजसेवी रिजवान असारी ने अपने साथ ग्रामीणों को लेकर गाय के सेवा में लग गये और इसकी जानकारी तत्काल इसकी जानकारी क्षेत्र के संवाददाता एम तिवारी को देते हुए बताया कि नील गाय चलने में असमर्थ है और इस तरह खुला में रहने से किसी अन्य जानवर से खतरा भी हो सकता है। सूचना मिलते ही संवाददाता ने वन विभाग के अधिकारियों से बात कर वनरक्षी सूरज कुमार को सूचना दी।



# ओल्ड फ्रेंड्स लोहरदगा बना द्वितीय बिरसा मुंडा फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी का चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हेसल पंचायत अंतर्गत हेसल कारी टोली पतरा मैदान में आयोजित द्वितीय बीर बिरसा मुंडा फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताबी मुकाबला ओल्ड फ्रेंड्स लोहरदगा बनाम रॉक स्टार बेसिक क्लब चान्हो के बीच खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

दोनों ही टीमों को गोल करने के कई मौका मिला पर निर्धारित समय में दोनो ही टीम के खिलाड़ी गोल करने में असमर्थ रहे । निर्धारित समय में कोई नतीजा नहीं निकलने के कारण टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। जिसमे ओल्ड फ्रेंड्स लोहरदगा ने रॉक स्टार बेसिक क्लब चान्हो को 4-3 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल सह समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, और राजेश तिर्की उपस्थित थे।



विजेता टीम के साथ अतिथि।

रीना कुमारी ने खिलाड़ियों को खेल को मनोरंजन के लिए ही नहीं परंतु खेल को नियमानुसार अनुशासन के खेल कर खेल के द्वारा खेल के क्षेत्र में कैरियर बनाने की बात कही और साथ अयोजन समिति की सराहना की और कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में इतने बड़े और अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फीफा नियमानुसार खेल करना एक बहुत ही सरहनिया कार्य है इसे इस क्षेत्र के बच्चों के अच्छे खेल के साथ ही साथ नियमों को सीखने का मौका मिलेगा और इस क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होंगे।

विशिष्ट अतिथि राजेश तिर्की ने अपने आशीर्वचन में कहां की जीवन में खेल का बहुत ही महत्व है। खेल से मनोरंजन के साथ साथ शारीरिक और मानसिक विकास होता है और शरीर तंदुरुस्त रहता है। खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है।

# डीएवी गुमला में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिता आरंभ

- अंडर 19 बालिका वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता में डीएवी गुमला व अंडर 14 बालक वर्ग में टीसीआई गोविंदपुर बना विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिता का का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच अंडर 14 बालक वर्ग का फुटबॉल मैच टीसीआई गोविंदपुर और सिमडेगा के बीच खेला गया। जिसमें टीसीआइ गोविंदपुर की टीम ने 6-0 के अंतराल से मैच जीत लिया। वहीं बालक वर्ग के अंडर 19 मैच डीएवी कपिलदेव और सिमडेगा के बीच खेला गया। जिसमें डीएवी कपिलदेव ने पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 के अंतराल से मैच जीत लिया। अंडर 19 बालिका वर्ग का फाइनल फुटबॉल मैच डीएवी गुमला और टीसीआई गोविंदपुर के बीच खेला गया। जिसे डीएवी गुमला ने पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 के अंतराल से जीत लिया। अंडर 14 के बालक वर्ग फाइनल फुटबॉल मैच डीएवी गुमला और टीसीआई गोविंदपुर के बीच खेला गया। जिसे टीसीआई गोविंदपुर ने 1-0 के अंतराल से जीत लिया। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला टीसीआई गोविंदपुर और डीएवी गढ़वा के बीच खेला गया। टीसीआई गोविंदपुर ने 2-1 के अंतराल से मैच जीत लिया। बेडमिंटन की अंडर 19 की फाइनल प्रतियोगिता डीएवी कपिलदेव और डीएवी गुमला के मध्य खेला गया। जिसमें डीएवी कपिलदेव ने जीत लिया।



फाइनल मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

स्पीड न्यूज

## गाडीलौग विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के अध्यक्ष बने राजू चौरसिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गाड़ी लॉन्ग पंचायत में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का किया गया गठन। मुख्य अतिथि जिला से आए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख नकुल राम,प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता, प्रखंड कार्य अध्यक्ष मुकेश प्रजापति, धर्म प्रचार प्रमुख अजय मोरिया शामिल हुए। जिनके देख रेखा में गाडीलौग पंचायत के विश्व हिंदू बजरंग दल के अध्यक्ष राजू चौरसिया , मंत्री अजीत कुमार यादव सत्संग प्रमुख कुलदीप यादव संयोजक दुर्गेश कुमार यादव बनाये गये। जिसमें सदस्य अनिल कुमार यादव पंकज कुमार यादव मुकेश कुमार यादव रमेश कुमार यादव प्रेम कुमार चौरसिया वीरेंद्र कुमार पवन भास्कर मुकेश चौरसिया ओमप्रकाश साहू पिंटू साहू रिंकू साहू मोहन साहब वीरेंद्र साहू सूरत साहू योगेश यादव गोपाल चौरसिया मिथिलेश चौरसिया मंटू यादव अमन यादव कुलेश्वर साव रोहित साव मनजीत चौरसिया और अनेक सदस्य को शामिल किए गए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला से आए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सुरक्षा नकुल राम के द्वारा बताया गया कि अयोध्या से आएगा अक्षत घर-घर पहुंचाया जायेगा।

## मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया महासभा



**सिमरिया।** अनुमंडल क्षेत्र के लावालौंग प्रखंड अंतर्गत सिलदाग पंचायत के ग्रामीणों ने एक जनसभा बैठक का आयोजन किया। बैठक में अपनी मूलभूत सुविधाओं को मांग को लेकर जोरो से नारा लगाए। साथ हीं 2024 लोकसभा का चुनाव को बहिष्कार करने का बात कहा है और वर्तमान सांसद सुनील कुमार सिंह तथा विधायक किशुन कुमार दास को जमकर कोसा। ग्रामीणों ने कहा है कि आज हमारा देश विकासशील से विकसित की ओर अग्रसर हो रहा है हमारे देश में लोग चांद पर पहुंच जा रहे हैं लेकिन हम सभी ग्रामीण छत पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। सड़क नही रहने के कारण हमारी बहन बेटिया, युवाओं का विवाह नहीं हो पा रहा है। हमारी बच्चियों विद्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं लेकिन विद्यालय पहुंचने के लिए छात्र-छात्राओं के पास सड़क ही नहीं है तो विद्यालय कैसे पहुंचेंगे। आगे उन्होंने कहा कि यदि हमें सड़क बिजली पानी शिक्षा और स्वास्थ्य का लाभ नहीं मिलता है तब तक हम सभी ग्रामीण किसी भी तरह का मतदान नहीं करेंगे।

## बर्णवाल समाज ने बीपीएससी में सफलता हासिल करने पर अपेक्षा को किया सम्मानित



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर निवासी रविशंकर बर्णवाल की पुत्री अपेक्षा मोदी ने बीपीएससी में सातवां रैंक हासिल कर अपने इलाके का नाम रोशन किया है। इसे लेकर रविवार को रामेश्वर वैली स्कूल में अहिवरण वंशज मोदी बर्णवाल समाज के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अयक्षता अहिवरण वंशज के अयक्ष सूर्यदेव मोदी एवं संचालन सचिव पंकज बर्णवाल ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपेक्षा मोदी को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के लोगों ने अपेक्षा मोदी को बााई दिये एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं आव्हान पत्रिका के प्राान संपादक शिवराम निशांत ने मोमेंटो और पत्रिका देकर सम्मानित किया। वहीं अहिवरण वंशज के अयक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि बीपीएससी में सातवां स्थान हासिल करना अपने आप में बहुत बड़ी उपलबि है। उन्होंने कहा कि इलाके के विद्यार्थियों को लगन के साथ पढ़ने से सफलता कदम चूमती है। इसलिए ैर्य ाारण कर निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। अपेक्षा ने अपनी सफलता के बारे में बताया कि ैर्य लगाकर निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत के साथ परिश्रम करने से सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने पिता रवि शंकर बर्णवाल, माता मंजू देवी और बहन अंशिका मोदी को दी। इस मौके पर नगर परिषद सिटी मैनेजर डॉ.अरविंद मोदी, डॉ.बीएनपी बर्णवाल, डॉ.सुनील मोदी, निवर्तमान वार्ड पार्षद बाल गोविंद मोदी, युवा अयक्ष अजय बर्णवाल, जयप्रकाश बर्णवाल, दिलीप मोदी, पल्लव कुमार, प्रहलाद मोदी, वरुण मोदी, संजीव कुमार, चंदन बर्णवाल आदि मौजूद थे।

## श्री राणी सती मंदिर में मंगसीर नवमी को लेकर कल होगा मंगल पाठ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री राणी सती भक्त समिति के तत्वावधान में बुधवार को मंगसीर नवमी को लेकर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाराणा प्रताप चौक के समीप कोलकाता की नेहा गर्ग के द्वारा मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे ज्योत, मंगल पूजा, गणेश वंदना के बाद मंगल पाठ शुरू होगा। वहीं संया 7:30 बजे भव्य महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। उक्त जानकारी श्री राणी सती भक्त समिति के हिमांशु केड़िया ने दी। उन्होंने मंगलपाठ में शामिल होने की अपील की।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर सीएम आज कोडरमा में

## परिसम्पत्तियों के वितरण के साथ करेंगे कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास







खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज कोडरमा पहुंचेगे। जहां वे कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस बाबत जहां एक ओर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है, वहीं सत्ताधारी दल के द्वारा भी व्यापक रूप से तैयारी की गयी है, ताकि कार्यक्रम भव्य तरीके से हो सके। इस बाबत झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय, सचिव श्याम देव यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जिला प्रवक्ता संजय साजन, पूर्व प्रत्याशी रवींद्र शांडिल्य, पवन मायकल कुजूर, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला तिवारी, बेबी देवी, कामेश्वर भारती समेत अन्य ने मुख्य कार्यक्रम स्थल बागीटांड पहुंचकर पंडाल आदि का निरीक्षण किया। वहीं कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय व प्रवक्ता संजय साजन ने कहा कि मुख्यमंत्री कोडरमा में बने इंडोर स्टेडियम, उत्पाद विभाग के कार्यालय समेत अन्य योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में कई योजनाओं का लाभ भी आमजनों को देंगे। इसमें मुख्यमंत्री पशुधन योजना, साबित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धियोजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास योजना, सीएमईजीपी योजना समेत अन्य चार योजना का लाभ लोगों को दी जाएगी।

**मुख्यमंत्री आगमन को लेकर तैयारी पूरी :** मुख्यमंत्री आगमन को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसे लेकर जिला मुख्यालय स्थित बाघीटांड़ स्टेडियम में जर्मन हैंगर टेंट बनकर तैयार है। जहां उपायुक्त मेघा भारद्वाज के नेतृत्व में जिले के वरीय पदाधिकारी समय-समय पर स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते नजर आये। इस क्रम में उन्होंने जेज़े कॉलेज और कार्यक्रम स्थल बागीटांड़ स्टेडियम का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी को मुख्यमंत्री आगमन को लेकर तैयारियां को पुख्ता करने का निर्देश दिये। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कुल तीन सौ नौ करोड़ अट्ठाइस लाख ग्यारह हजार तीन सौ छह रुपये की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिसमें जिला योजना अनाबद्ध निधि, नगर पंचायत कोडरमा, जल जीवन मिशन, मनरेगा, विकास शाखा प्रखण्ड आवास, लघु सिंचाई, जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शामिल हैं। वहीं मुख्यमंत्री 10 करोड़ 49 लाख 62 हजार 130 रुपये की परिसंपत्ति का भी वितरण करेंगे।

वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आज कुल एक सौ तेईस करोड़ इक्यासी लाख छत्तीस हजार तीन सौ तीस रूपये की योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। जिसमें जिला योजना अनाबद्ध निधि, भवन निर्माण विभाग, नगर पंचायत कोडरमा, जिला परिषद, जल जीवन मिशन, वन विभाग डीएमएफटी, मनरेगा, सीएसआर, पर्यटन, लघु सिंचाई, जल संसाान विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्राानमंत्री ग्राम सड़क से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

**मेडिकल एम्बुलेंस टीम का भी किया गया गठन :** मुख्यमंत्री आगमन एवं भ्रमण के दौरान आकस्मिकता को लेकर मेडिकल एम्बुलेंस टीम का भी गठन किया गया है। जिसमें जेज़े. कॉलेज में पहली टीम में डॉ. र्मेन्द्र कुमार, चिकित्सा पदाकािरी, मनोहर कुमार वर्मा जीएनएम. (आउटसोर्स), गौतम प्रताप पुरुष कक्ष सेवक, दिलीप शर्मा चालक, (अनु.)। वहीं परिसदन बागीटांड़ कार्यक्रम स्थल पर दूसरी टीम जिसमें डॉ. किशोर राम बेदिया चिकित्सा पदाकािरी, सागर रजनिश कुमार जीएनएम (अनु.), संदीप कुमार ड्रेसर (आउटसोर्स), अंकित कुमार ड्रेसर (प्रशिक्षु), मुन्ना कुमार सिंह चालक (आउटसोर्स) शामिल रहेंगे। वहीं कारकेड हेतु तीसरी टीम में चिकित्सा पदाकािरी डॉ. कुमार सौरभ, जीएनएम. (अनु.) मिथलेश कुमार यादव, लैब टेक्नीशियन जफर इकबाल, पुरुष कक्ष सेवक अरमान अहमद, चालक, (आउटसोर्स) अर्जुन प्रसाद यादव शामिल हैं। उक्त जानकारी उपाधीक्षक डॉ.रजीत कुमार ने दी।

## चेहाल पंचायत में शिविर का आयोजन



**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला डोमचांच प्रखंड के बेहराडीह, कोडरमा प्रखंड के पुरनागर एवं जयनगर प्रखंड के चेहाल पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं यथा अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुान विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

## वृद्धाश्रम में स्वर्नेश ने मनाया बर्थडे, बुजुर्गों को बांटा उपहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बड़ी सस्ती मिला करती हैं दुआएं इनकी, कभी किसी बुजुर्ग के काम आ जाया करो, मंदिर मस्जिद से अजीज आ जाए दिल तो किसी वृद्धाश्रम में यूं ही चला जाया करो, जैसी पंक्ति पर अमल करते हुए चार वर्षीय स्वर्नेश कुमार (कान्हा) वृद्धाश्रम पहुंच कर दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। दरअसल कान्हा अपना चौथा जन्मदिन शहर में संचालित वृद्धाश्रम में रह रहे दादा दादियों के साथ केक काटकर मनाया। कान्हा को बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया और कहा कि इस तरह के संस्कार जो बच्चों में देखने को मिल रहा है, यह मिल का पत्थर साबित होगा। ख़ास कर कान्हा के पिता रत्नेश प्रसाद और मां अनु कुमारी ने जो संस्कार दिया है यह अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। वहीं कान्हा के माता पिता ने बताया कि पिछले 3 वर्षो से वो अपना जन्मदिन दादा हरेंद्र प्रसाद व दादी निर्मला देवी के साथ गांव जाकर मनाता था, मगर इस वर्ष कान्हा की दादी कैंसर से पीड़ित होने के कारण मुंबई में इलाज करा रही है, ऐसे में कान्हा वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्ग दादा दादी के साथ जन्मदिन मनाया और उपहार के रूप में आश्रम में मौजूद 18 लोगों को शॉल और कंबल उपलब कराया। साथ ही बुजुर्गों के साथ बैठ कर लजीज भोजन भी ग्रहण किया। मौके पर त्वेषा कश्वी, उमेश साव, बद्री यादव के अलावा आश्रम की काउंसलर स्वीटी गुप्ता सहित सभी बुजुर्ग मौजूद थे।

## भाकपा माले के वरिष्ठ नेता के श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार यादव



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम चोपनाडीह निवासी सह भाकपा माले मरकच्चो प्रखंड कमिटी सदस्य रामचन्द्र राणा का निान बीते 22 नवंबर को गई थी। उनके परिवार वालो को ढाढ़स देने एवं शोक संवेदना प्रकट करने के लिए उनके अवास पहुंचे ानवार पूर्व विाायक राजकुमार यादव। पूर्व विाायक ने कहा की कॉमरेड रामचन्द्र राणा की निान से पार्टी को अपुरणीय छती हुई है। माले के साथ आपका रिश्ता केवल वोट देने और वोट लेने का नहीं है, बल्कि 24 घंटे 365 दिन आपके हर सुख-दुख में खड़े रहने का नाम भाकपा माले है। इस दुख की घड़ी में पूरी पार्टी रामचंद्र जी के परिवार के साथ है। श्रद्धांजलि सभा में बहादुर यादव, राजेंद्र मेहता, तुलसी कुमार राणा, ईश्वरी राणा, चांद अख्तर, अशोक यादव, सरजू यादव, महादेव दास, काली यादव, सहदेव यादव, शिव शंकर यादव अनेकों लोग शामिल थे।

## साइबर अपराधी गिरफ्तार, करीब 600 लोगों को बना चुका है शिकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव से पुलिस ने स्व. रामनाथ साव के पुत्र साइबर अपराधी अखिलेष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक लैपटॉप एवं दो सिम लगा हुआ एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि प्रतिबिंब एप्प के माध्यम से उन्हें बिहार के शेखपुरा जिला अंतर्गत चेबाड़ा थाना क्षेत्र के गडुआ ग्राम निवासी योगेश्वर ठाकुर के पुत्र संतोष कुमार तथा जयपुर के सोडाला थाना क्षेत्र निवासी संजय सैनी ने साइबर ठगी से संबंधित मामला दर्ज करायी थी। इस घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर 8789050270 एवं फोन पे नंबर 9973170116 का संचालन गढ़वा से किया जा रहा है। एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी चिरंजिवी मंडल के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले का सत्यापन किया गया।




प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

चेचरिया गांव से अखिलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि अखिलेश ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में वाट्सएप्प, फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर वेबसाइट बनाने का फर्जी प्रचार प्रसार कर रिमोट एक्सेस एप्प आदि का सहारा लेकर यूपीआई, फोन पे, गूगल पे आदि के माध्यम से अपने खाते में पैसा मंगवा लेता था। ठगी के पश्चात ठगे लोगों का वाट्सएप्प एवं मोबाइल नंबर ब्लॉक कर देता है। अखिलेश ने स्वीकार किया कि उसने अब तक करीब पांच-छह सौ लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। छापामारी दल में डीएसपी सहित नगर उंटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, कुणाल किशोर, हेमंत कुमार यादव, सुनील राम, दयाराम पासवान आदि लोग शामिल थे।

एक नजर में

## 16 दिवसीय कार्यक्रम के तहत निकाली गई रैली



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत में जेएसएलपीएस के महिलाएं नई दिल्ली के क्रिया संस्था एवं इद्वतदा नेटवर्क के द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों ने विशाल रैली निकल गई । रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाएं अब किसी भी प्रकार के हिंसा का शिकार नहीं बनेगी एवं हिंसा के खिलाफ सभी महिलाएं एकजुट होकर आवाज उठा सकेंगे। संदेश दिया गया रैली में नारा दिया गया कि अभी हिंसा नहीं सहेंगे, असमानता से सामानता सबकी गिनती एक समान यौन हिंसा बंद करो ।जेंडर भेद्भाव बंद करो। बाल विवाह रोकथाम यौन हिंसा जेंडर भेद भाव असमानता से सामान्य सबकी गिनती एक समान हों। इसके तहत यह जेएसएलपीएस की महिलाओं ने बताया की भागीदार बनने वाले व्यक्ति को दो साल तक की जेल और 1 लाख तक का जुमार्ना हो सकता है। अपराध है ट्रांसजेंडर विकलांगता एवं महिलाओं एवं लड़कियों के प्रति समान दृष्टि रखने के लिए जन जागरण अभियान चलाया गया एवं बैठक किया गया इस अवसर पर बारीसाखी के आशा देवी ने असमानता से समानता पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि आज भी महिलाओं एवं किशोरियों को प्रतिभेद किया जाता है। जो आज के दौर मैं कहीं से भी उचित नहीं है। आज किसी भी क्षेत्र और महिलाएं पुरुष से पीछे नहीं। इस बैठक में मुख्य रूप से चंचल देवी सोनी देवी सुमन देवी कंचन देवी कुसुम देवी गीता देवी उषा देवी प्रियंका देवी गीता कुमारी बबीता देवी अनीता देवी कंचन देवी नीलम कुमारी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर आमंत्रण व भिक्षाटन कार्यक्रम



कार्यक्रम में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के तत्वावधान में आगामी छह दिसंबर बुधवार को होने वाले 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सोमवार को शहर के लोगों को आमंत्रण देने तथा भिक्षाटन कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान शहर के दुकानदार व राहगीरो द्वारा उन्हें सहयोग किया गया। इस अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी सचिव विकास कुमार माली वह पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा उपस्थित थे। मौके पर विकास कुमार माली ने बताया कि छह दिसंबर को 101 असहाय गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के पास कराया जाएगा। जिसे लेकर शहर के लोगों को आमंत्रण व भिक्षाटन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर शहर के सभी दुकानदार व राहगीरों के द्वारा भरपूर सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि एक बेटी का विवाह करने में कितना खर्च होता है। वह बेटी का पिता ही जानता है। उन्होंने कहा कि शहर के टाउन हल के मैदान से बारात निकलेगा जो रंका मोड़, गढ़देवी मंदिर, चिनिया मोड़ होते हुए बायपास रोड से विवाह स्थल दानरो नदी छठ घाट पहुंचेंगे। जबकि वाू पक्ष के लोग शहर के आशीर्वाद मैरिज हल से निकलकर ब्लक, रंका मोड होते हुए विवाह स्थल दानरों नदी छठ घाट पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल करने के लिए हमारे बिहार के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ता व पदाधिकारी गढ़वा पहुंच चुके हैं।

## खानापूर्ति के लिए किसानों को दिया जा रहा सरसों बीज



सरसो की खेती

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के किसानों को ससमय कृषि विभाग के द्वारा सरसों बीज का वितरण नहीं किया गया। जिससे किसान मजबूरन महंगे दरों पर बीज खरीद कर सरसों की खेती लगाया है। अब उनका सरसों का फसल उनके खेतों में लहलहा रही है। इधर कृषि विभाग के पदाधिकारी के द्वारा खानापूर्ति के लिए कुछ ही किसानों के बीच सरसों बीज वितरण का खाना पूर्ति करने का काम किया जा रहा है। जिससे किसान ठगा महसूस कर रहे हैं। कृषि विभाग के पदाधिकारियों के घोर उदासीनता के कारण समय पर बीज नहीं मिलने से किसानों की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ गया है। वहीं समय पर बीज नहीं मिलने से किसानों में रोस व्याप्त है। जहां एक ओर किसानों के खेतों में फसल लहलहा रहा। वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा गीने चुने किसानों को बीज वितरण का दिखावा किया जा रहा है। प्रखंड के किसान देवशरण शाह, लखन महतो आदि ने बताया कि इस वर्ष कृषि विभाग द्वारा किसी भी फसल का बीज वितरण नहीं किया गया। आज कल पता चला कि कुछ किसानों को सरसों का बीज दिया गया है। जिसकी बुवाई की समय खत्म हो गई। वहीं अन्य किसान विवेकानंद कुशवाहा, दीपक कुमार रवि सहित अन्य ने बताया कि कृषि से संबंधित अधिकारियों के लापरवाही के कारण हम सभी किसानों को ससमय बीज का लाभ नहीं मिल रहा है। जिससे हम लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामले में कृषि विभाग के बीटीएम सत्येंद्र कुमार माली ने बताया कि लगभग 20 दिन पूर्व कृषि विभाग से डंडई प्रखंड के लिए 10 क्विंटल सरसों बीज मिला था। जिसको चार क्लस्टरों में दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्लस्टर चयन और किसानों की सूची उपलब्ध कराने में कमेटी के द्वारा विलंब हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरगांव ग्राम में मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनोज गंझु 18 वर्ष पिता योगेंद्र गंझु ग्राम मुरगांव थाना बालूमाथ निवासी मकईयाटांड बाजार से अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान मुरगांव ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया और घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### प्रशासन ने बूथों में लिया विधि व्यवस्था का जायजा


जायजा लेते प्रशासन।

**चंदवा।** आगामी लोक सभा चुनाव में मध्यनजर प्रशासन द्वारा प्रखण्ड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रो में सामान्य, संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों में जाकर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। चंदवा थाना के पुअनि दिव्य प्रकाश व कुंदन कुमार दल बल के साथ सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत के रूद गांव स्थित राप्रावि रुद समेत कई बूथों में जाकर पहुंच पथ, बिजली, पानी समेत मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि चंदवा प्रखण्ड में कुल 97 बूथ है, जिनका निरीक्षण कर बूथों की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी एकत्र कर वरीय अधिकारियों को भेजी जा रही है।

### जान्हो आपकी योजना आपकी सरकार द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** प्रखंड के जान्हो पंचायत में सोमवार को झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जान्हो पंचायत के लोगों का उमड़ी भीड़। आयोजन शिविर का शुभ आरंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला, जान्हो मुखिया बहादुर उरांव बीपीआरओ आत्मा सिंह, पंचायत समिति रूबी देवी अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर मे आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए विकास प्रखंड पदाधिकारी मनोज तिवारी ने लोगों को संबोधित किया। मौके पर जनसेवक चंदन गुप्ता, रोजगार सेवक चंदन बर्मा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसपीएस मनोज कुमार, समाजसेवी अजीत यादव, मनरेगा अभियंता अजय लकड़ा कई जन प्रतिनिधि समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### छेंचा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन


वृद्ध से दीप प्रज्वलित कराते बीडीओ।

**बरवाडीह।** सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड के छेंचा पंचायत सचिवालय में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बीडीओ राकेश सहाय ने मिसाल पेश करते हुए शिविर में अपनी समस्या लेकर आए एक वृद्ध व्यक्ति के हाथों दीप प्रज्वलित कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। जिसके उपरांत बीडीओ ने शिविर में उपस्थित कर्मियों को ग्रामीणों का बढ़ चढ़कर सहयोग करने की अपील की। वहीं शिविर में विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी और मुखिया आशा देवी समेत सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। बीडीओ श्री सहाय ने शिविर में उपस्थित लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए शिविर का लाभ उठाने की अपील की। वहीं जरूरतमंदो के बीच धोती, साड़ी, लूंगी और कंबल का वितरण किया गया। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण, पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी जयवंत लकड़ा, राजस्व कर्मचारी सुरेश राम, कमलेश सिंह, विजय कुमार, रवि कांत रवि और सहायक अभियंता सुधीर कुमार समेत सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

### सीओ व प्रखंड प्रमुख ने मृतक के घर पहुंच किया राशन सामग्री व आर्थिक सहयोग

**लातेहार।** बेंदी में मृतक आदिवासी जनजाति परिवार से मुलाकात कर सोमवार को सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो व प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा पंचायत समिति सदस्य रीना देवी ने राशन सामग्री व आर्थिक सहयोग किया। बता दें कि बेंदी पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मे दो दिन पहले हुए सड़क दुर्घटना में तुलामन सिंह पिता गिरजा सिंह की मृत्यु हो गया था। जो आदिवासी जनजाति परिवार से तालुक रखता था। जिसके घर पहुंच मृतक परिवार को 50 किलो चावल, चार कंबल तथा कुछ आर्थिक सहयोग किया गया। परिवार बेहद गरीब की स्थिति में गुर्जर बसर कर रहे थे।

## विभाग के कर्मियों के बिचौलियागीरी से भुसाढ़ में हर घर नल जल का हुआ है बुरा हाल

# कामता पंसस ने हर घर नलजल योजना में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता


नलजल योजना की जांच करते अयूब खान।

**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने भुसाढ़ में हरघर नलजल योजना भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया है। प्रेस बयान जारी कर अयूब खान ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीएचडी के कर्मियों की बिचौलिया गीरी से भुसाढ़ में हरघर नलजल योजना का बुरा हाल है, कहीं फेल चापानल में टंकी लगाकर कनेक्शन दे दिया गया है तो कहीं टंकी से पानी लिकेज हो रहा है, इसके कारण ग्रामीणों को प्रयाप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।चापानल नहीं चलने से लोगों को पानी समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण भटवा लोहरा, नजरु तुरी, विकास उरांव, झरी उरांव, अनोद उरांव, ललु लोहरा, फुलमनी देवी, सोहबतीया देवी, रामचंद्र भगत, राहुल लोहरा ने बताया कि अखरा के पास दिनेश लोहरा के घर के समीप लगे टावर की टंकी से पानी टपक कर सड़क पर बह रहा है, नल से दो तीन बाल्टी पानी निकलने के बाद बंद हो जाता है, चापानल चलाने के बाद काफी मशक्कत से थोड़ी बहुत पानी निकलती है, बोरिंग में प्रयाप्त पानी निकला ही नहीं और इसपर यूनिट फीट कर दिया गया है। इसके कारण पानी की समस्या हो रही है। दीपक लोहरा व लटटु तुरी के घर के समीप पुराने चापानल में टावर टंकी फिट कर दिया गया है, चापानल खराब रहने के कारण चापानल चल नहीं पा रहा है। पंसस अयुब खान ने आगे कहा कि विभाग के कर्मी मिलकर पेटीकॉंटेक्ट में यह कार्य कर रहे हैं, पीएचडी विभाग के कर्मी अपने विभाग के चहेते पार्टनर को हरघर नलजल ठिकेदार का मोबाइल नंबर देते हैं फिर चहेता पार्टनर ठिकेदार से फोन पर संपर्क करते हैं, इसके बाद अपने चहेते पार्टनर को अच्छा और अनुभवी बताते हुए उसके लिए पेटिकॉन्टेक्ट में काम देने के लिए पैरवी करते हैं। फिर शुरू हो जाती है कार्य में अनियमितता कर राशि की बंदरबांट करने का शिलशिला। मामले में विभागीय अधिकारियों की चुप्पी भी संदेह को बढ़ा रही है। अयूब खान ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग विभाग के कार्यपालक अभियंता से की है। इधर मामले को लेकर विभाग के एसडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया।

## व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष ने बावर्ची फूड कोर्ट नामक प्रतिष्ठान का फीता काटकर किया शुभारंभ

- बावर्ची फूड कोर्ट ग्राहकों की मांग को पूरा करने में सक्षम साबित होगा: दीपक राज

खबर मन्त्र संवाददाता


फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन करते दीपक राज व अन्य।

**बरवाडीह।** सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर मोड़ के समीप बावर्ची फूड कोर्ट नामक रेस्टुरेंट के नए प्रतिष्ठान का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने संचालक को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बरवाडीह में इस प्रकार के प्रतिष्ठान खुलने से यहां की रौनक बढ़ी है। नए प्रतिष्ठान खुलने के कारण हमारा शहर आगे बढ़ेगा और लोगों को सुविधाएं प्रदान करेगा। यहां खाने के शौकीन लोग अपने पूरे परिवार के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठा सकते है। उन्होंने कहा कि बावर्ची फूड कोर्ट ग्राहकों की मांग को पूरा करने में सक्षम साबित होगा। वहीं संचालक अनुज कुमार और शांतनु सरकार ने बताया कि कस्टमर की संतुष्टि ही उनका विश्वास है। हमारे यहां वेज, नॉन वेज समेत हर प्रकार के व्यंजन उपलब्ध है। बरवाडीह के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह यहां आकर व्यंजन का स्वाद लें और अपना रिव्यू दें। बताया कि हमारे यहां होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, विकास कुमार, कमलेश सिंह, सिराज अहमद, राजेश वर्मा, सोनू सरदार, बिरेंद्र ठाकुर, फिरोज सिद्दीकी, पिंटू कुमार, फिरोज अहमद उर्फ मुन्ना, जैकी चौरसिया, सत्यनारायण कुमार, अमन गुप्ता, हसीब अहमद, सुभम दुबे और डॉक्टर खान समेत व्यवसायिक समिति के कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव का किया जायेगा आयोजन

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के बानपुर स्थित बनवारी साहु महाविद्यालय में मंगलवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पीके तिवारी ने दी। पीके तिवारी ने बताया कि खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशक एवं जिला खेल पदाधिकारी के पत्रांक 184 के आलोक में इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। देश के सभी राज्यों को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए अलग-अलग थीम दिया गया है। झारखंड को हेल्थ व फिटनेश थीम आवंटित किया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 15 से 29 आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य व एकल लोकगीत शामिल हैं।

## माल्हन में आपकी-योजना, आपकी-सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता


कंबल वितरण करते अधिकारी।

### विभिन्न योजनाओं के लाभुको को स्वीकृति पत्र कंबल धोती-साड़ी का किया गया वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत सचिवालय प्रांगण में सोमवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एलआरडीसी उदय कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, मुखिया जतरु मुंडा, झामुमो नेता मो. इजहार, ब्रह्मदेव प्रजापति व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अधिकारियों के द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉलों की जानकारी दी गयी व विभिन्न योजनाओं के दर्जनों लाभुकों के बीच स्वीकृत पत्र, गरीब असहाय जनों के बीच कम्बल, धोती साड़ी का वितरण किया।शिविर में प्रशासन के द्वारा अबुआ आवास, पेंशन, बिजली, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड समेत कई विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां योजनाओं से संबंधित जानकारी व लाभ उठाने को लेकर ग्रामीणों की काफी भीड़ देखी गई। शिविर में सीआई ऋषिदेव कमल, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, सांख्यकी पदाधिकारी शिशिर बारला, रितेश कुमार, रोहित मेहता समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## युवा समाजसेवी स्व. साजन सिंह प्रभाकर की दूसरी पुण्यतिथि मनाई


पुण्यतिथि में शामिल गणमान्य लोग।

### परिजनों ने 50 से अधिक जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**बरवाडीह।** यूथ कांग्रेस के दिवंगत नेता कुमार साजन सिंह प्रभाकर की दूसरी पुण्यतिथि का आयोजन प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक परिसर में युवा जागृति क्लब के तत्वाधान में आयोजित की गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में दिवंगत कुमार साजन सिंह प्रभाकर के पिता राजकुमार सिंह के साथ- साथ जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, पलामू के पूर्व जिला परिषद मुक्तेश्वर पाण्डेय, यूथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, समाजसेवी प्रेम जी, बीस सूत्री सदस्य सुनीता पाल और महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक समेत कई अतिथियों लोगों ने शिरकत की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने स्व.प्रभाकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं मौजूद लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य और संघर्ष को याद करने का काम किया। इस दौरान उनके परिवार के लोगों ने प्रभाकर की याद में 50 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर युवा जागृति क्लब के अध्यक्ष साहिल सिंह, सचिव दीपक राज दीपू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, कांग्रेस युवा मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, कांग्रेस के नेता हिमांशु गुप्ता, राजू कुमार सिंह, संजीव कु. सिंह, सोनू सिंह, दीपलेश, संजीव श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार विकी, पवन शर्मा, सागर कुमार और डब्लू कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सिबला मे विकास शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम का शुभारंभ करते अधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड सिबला पंचायत भवन के समीप बाजारटांड में बुधवार को मुखिया सुरेश उरांव के अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, बीपीओ रवि यादव समाजसेवी गौतम सिंह, लाखो भुइयाँ ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने शिविर मे उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय करा विषय प्रवेश कराया। वहीं प्रखंड प्रमुख उर्मिला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका लाभ जन-जन तक देने के लिए राज्य के सभी पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में कल्याणकारी योजनाओं का कई स्टॉल सभी विभागों द्वारा लगाया गया है। सभी विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद हैं। आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें। तुरंत निष्पादन किया जायेगा। वहीं बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु ने कहा की अपने-अपने सभी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से संबधित स्टॉल में जमा करे। वहीं जिप सदस्य रमेश राम , समाज सेवी गौतम सिंह ने भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं शिविर में सावित्री बाई फुलोझानो योजना के तहत कई छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं कई ग्रामीणों को प्राकृतिक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधा का वितरण किया गया। वहीं कई वृद्धि असहायों के बीच धोती साड़ी व कंबल का भी वितरण किया गया। मंच का संचालन बीपीएम सुनील कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, पंचायत सेवक सेराफिनुस खलखो, अरविंद पांडेय, पीएम आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, डॉ. नौशाद आलम, राजस्व उप निरिक्षक संदीप कुमार, नंदेव राम, राजू राम, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, सहित कई प्रखंड, अंचल व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एक नजर में

### टेंपो दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल, ग्रामीणों के सहयोग से भेजा गया अस्पताल

बेतला। बरवाडीह प्रखंड के कुटमू मेदिनीनगर मार्ग में 12 माइल यात्री सेड के पास अनियंत्रित टेंपो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे उस पर सवार बरवाडीह प्रखंड के चपरी निवासी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस के माध्यम से ग्रामीणों ने एंबुलेंस के माध्यम से मेदनीनगर अस्पताल भेज दिया गया। घटना करीब अगले सुबह 7:00 बजे की है आसपास के प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मेदिनीनगर की ओर से बरवाडीह टेंपो जा रहा था। तभी अचानक ट्रैक्टर तेज गति से निकल गया। जिससे टेंपो चालक संतुलन खो गया एवं दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताते चले कि उस स्थान पर आए दिन गंभीर सड़क दुर्घटना होती है, जिससे कई लोग जान गवा चुके हैं। टेंपो की गाड़ी नंबर जेएच 03 एएच 5532 है जो पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कंकारी गांव का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही बरवाडीह पुलिस अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।

### यूनियन ने हिंडाल्को बॉक्साइट साइडिंग के मजदूरों के साथ की बैठक


बैठक करते लोग।

चंदवा। हिंडालको टोरी साइडिंग प्रांगण में छोटा नागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के सदस्यों, बॉक्साइट डब्बा लोडर तथा कंपनी के परमानेंट वर्क्स के साथ एक आवश्यक बैठक की गई। यह बैठक छोटा नागपुर वर्कर्स यूनियन के जेनरल सेक्रेटरी धीरज प्रसाद साहू के द्वारा चंदवा निवासी सत्येंद्र प्रसाद यादव को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिनको सभी मजदूरों ने तथा परमानेंट वर्कर्स के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं मंच संचालन महेंद्र तिवारी ने किया और कहा कि आप सभी बारी-बारी से नए अध्यक्ष को समस्या बताने का कार्य करें। मजदूरों ने भी अपने नए अध्यक्ष के पास अपनी समस्याओ को लेकर लिखित आवेदन जमा किए। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष विष्णु साव भी मौजूद थे। उन्होंने भी कहा कि धीरज प्रसाद साहू के द्वारा सत्येंद्र प्रसाद यादव को हम लोग के नए अध्यक्ष के रूप में भेजा है। हम लोग भी तहे दिल से इनका स्वागत करते हैं और मिलजुल समस्या का निदान करेंगे। इस अवसर पर लखन प्रसाद जायसवाल, नागेंद्र प्रसाद सिंह, बसंत कुमार दुबे ,मोहन शर्मा, रुखसाना खातून, सोहराब अंसारी, इसराइल अंसारी, ललकु बैठा, बारोइया खातून, कृष्ण प्रसाद और हिंडालको कंपनी के प्रभारी मैनेजर नंदकिशोर सिंह मौजूद थे।

## शराब दुकान को हैंडओवर लेने पहुंची कंपनी को शराब पेटी में भरा मिला ईंट


शराब दुकान।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंग्रेजी शराब दुकान संख्या 008 में शराब बेच रही कंपनी जीडिलेक्स का टेंडर रद्द हो जाने के बाद आरके कंपनी द्वारा नये टेंडर के तहत दुकान लिया गया है। लेकिन कंपनी के कर्मी जब दुकान हैंडओभर लेने पहुंचे तो दुकान में कई शराब की पेटियों में ईंट भरा हुआ पाया गया एवं कई बोतलों में पानी मिला हुआ था। जिसकी कीमत 120,535 रुपये है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए आरके कंपनी के जिला कौडिनेटर रंजीत कुमार ने बताया कि जीडीलेक्स कंपनी का सरकार द्वारा टेंडर रद्द हो जाने के बाद आरके कंपनी द्वारा नए टेंडर के तहत दुकान हैंडओभर लेने गए। तो वहाँ दुकान प्रभारी अमित कुमार, दुकान सहायक मनोज कुमार, दूकान सहायक लालदेव कुमार उर्फ पिंकु के सामने दुकान मिलाया गया। जहां मैकडयूएल नामक शराब कंपनी की चार पेटी में ईंट भरा हुआ पाया गया। इसके अलावा कई शराब के बोतलों में पानी मिलाकर रखा हुआ था। जिसके बाद कंपनी द्वारा इसकी सूचना उत्पाद दरोगा सोनू कुमार को सूचना दी गयी। जहां उत्पाद दरोगा ने बालूमाथ शराब दुकान पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं दुकान में कार्यरत कर्मियों पर करवाई की बात कही। जहाँ दुकान प्रभारी अमित कुमार द्वारा अपनी गलती मानते हुए शराब की कीमत 120,535 रुपया देने की बात स्वीकार किया गया।

## ग्रामीणों ने कहा विभागीय अधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण सोलर जलमिनार चौक चौराहे की हो रही दुर्दशा

# सदर प्रखंड के 75 प्रतिशत जलमीनार खराब, सरकारी राशि की जमकर लूट

खबर मन्त्र संवाददाता


खराब जलमिनार।

**लातेहार।** सदर प्रखंड में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित नल-जल योजना के तहत कई पंचायतों में जलमीनार लगायी गयी हैं, जिसमें 70 से 75 प्रतिशत जलमीनार खराब पड़ी है और चौक चौराहे की दुर्दशा देखने को मिल रही है। पीएचडी विभाग की राशि से निर्मित लाखो की लागत से बना सोलर जलमीनार खराब होने के कारण पीने के पानी के लिए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नल-जल योजना के तहत बनायी गयी जलमीनार हाथी के दांत साबित हुए हैं। प्रखंड की 18 पंचायतों में जलमीनार लगी है। लेकिन 70 से 75 प्रतिसत खराब है। जलमीनार संवेदक द्वारा जैसे तैसे लगा कर चलते बने हैं। गांवों में जलमीनार लगते ही 15 दिनों के अंतराल में ही खराब हो गयी, जिसकी अबतक मरम्मत नहीं हुई। खराब जलमीनार की मरम्मत के लिए न तो पंचायतों के जनप्रतिनिधियों का ध्यान है और न ही सरकारी कर्मचारियों का। आये दिन लोग पानी की समस्या को लेकर परेशान रहते हैं। सोलर जलमीनार लगाने में सरकारी धनराशि की लूट हुई है। साथ ही जिस मकसद से सोलर जलमीनार लगायी गयी है, उसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। कुछ सोलर जलमीनार को छोड़ दिया जाये, तो 70 से 75 प्रतिशत जलमीनार खराब देखने को मिलती है। ये कहना गलत नहीं होगा कि पेयजल स्वच्छता विभाग से लगायी गयी सोलर जलमीनार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। यहां सिर्फ पैसों की बंदर बांट किया गया है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

पांडेयपुर पंचायत के ग्रामीण सरिता देवी, लीलावती देवी, प्रमिला देवी, चांदनी देवी, बुधराम आगेरिया समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के साथ पंचायत जनप्रतिनिधियों का मिली भगत व कमीशन तय किया हुआ था। पंचायत के जनप्रतिनिधि अपने निजी उपयोग के लिए सोलर जलमिनर लगाकर उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीण जनता सिर्फ आस लगाए हुए हैं कि हम लोगों को पानी पीने के लिए सोलर जलमीनार को बनाया जाएगा लेकिन अब तक नहीं बनाया गया। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत जनप्रतिनिधियों को सोलर जलमिनर बनाने की अपील की परंतु सभी जनप्रतिनिधियों ने अनदेखा कर दिया। पिछले दो-तीन महीना से खराब पड़ा है सोलर जलमिनार। ग्रामीणों ने आगे बताया कि संवेदक द्वारा जैसे-तैसे बना कर पूरा कर दिया गया है। जलमीनार लगाने में महज खानापूर्ति की गयी है। शुरू से ही सोलर जलमीनार निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गयी है। इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। परिणाम स्वरूप सोलर जलमीनार चालू होने के महज 15 दिनों में ही खराब हो गयी, लोग कुआं व चापानल का पानी का उपयोग कर रहे हैं बता दें कि इस सोलर जल मीनार से 22 घरों में पानी सप्लाई होता था। जब से खराब हुआ है तब से लोगों को परेशानी पड़ गई है। वहीं कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक कुमार महतो ने कहा कि विभागीय टीम को जांच के लिए भेजा जायेगा। जलमिनार खराब पाये जाने पर जल्द दुरूस्त किया जायेगा।

